स्वच्छता पर बच्चों ने बनाई ड्राइंग, लिखा निबंध सबने की तारीफ

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जोन क्रं. 4 स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता पर ड्राइंग, निबंध, नुक्कड़ नाटक, लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें संयोग से मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुनकुरी मुख्यमंत्री जी के छोटे भाई रोहित साय पधारे। उनके द्वारा सर्वप्रथम भारत माता के तैल्य चित्र एवं महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, उसके बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। श्री साय ने बच्चों द्वारा बनाई जा रही स्वच्छता के उपर ड्राइंग को देखा। बच्चों से उत्सुकता भरे प्रश्न भी किये। आप यह ड्राइंग जो बना रहे हो, इसके पीछे क्या उद्देश्य है। बच्चों ने बड़े ही सहज भाव से जवाब दिया, हमारा भारत स्वच्छ बने इसमें हम सब की भागीदारी सुनिश्चित हो। हम सब की भागीदारी किस प्रकार से होगी, उसको हम अपने ड्राइंग के माध्यम से बता रहे हैं। निबंध के माध्यम से स्वच्छता के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के जवाबदेही का एक बेहतर चित्रण प्रस्तुत किया गया। शिव ताण्डव के माध्यम से भी बच्चो ने स्वच्छता को रेखांकित किया। हर एक कार्यक्रम मन को मुग्ध करने वाला एक से बढ़कर एक था। अंत में नशा नास का जड़ है, जो पुरे समाज को खोखला करते जा रहा है। इस पर सुनाई गई कविता सबके दिल को छू लिया। श्री साय द्वारा अपने उदबोधन में बताया गया कि मान. प्रधानमंत्री द्वारा हर एक व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर दिया। जिस स्वच्छता को हम सब सामान्य समझते थे, वह सबके लिए विशेष हो गया है। हर व्यक्ति इसमें शामिल है। मान. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का स्वरूप यही है कि हमर छत्तीसगढ़ साफ—सथरा एवं हरा भरा बने। जिसमें गांव से शहर तक हर व्यक्ति की अपनी भागीदारी सुनिश्चित हो। कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद एवं शाला अध्यक्ष श्यामसुंदर राव, जोन आयुक्त सतीश यादव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी, राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, शाला के प्रिंसिपल, बच्चों के माता.पिता एवं बहुत सारे बच्चे जोश—खरोश के साथ कार्यक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर स्वच्छता ही सेवा पर श्री साय द्वारा सबको शपथ दिलाई गई। साथ ही राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।